भोपाल मास्टर प्लान-2047 का विरोध

किसान धरने पर बैठे, रहवासियों ने दी दो हजार आपत्तियाँ



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल विकास योजना-2047 के नए ड्राफ्ट को लेकर गुरुवार को किसानों और रहवासियों ने विरोध जताया। मुगालिया छाप के किसान कृषि भूमि को रिवरफ्रंट, फॉरेस्ट और ग्रीन बेल्ट में शामिल करने के विरोध में पैदल मार्च कर भोपाल पहुंचे।

मिसरोद के रहवासियों ने पुरानी आबादी के बीच प्रस्तावित 45 मीटर सड़क हटाने की मांग को लेकर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में लिखित आपत्तियां सौंपीं। किसान टीएनसीपी कार्यालय जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने नीलबड़ में बैरिकेडिंग कर रोक दिया। नाराज किसान सड़क पर धरने पर बैठ गए। किसानों का आरोप है कि योजना में 66 गांवों की कृषि भूमि आरक्षित श्रेणियों में शामिल की जा रही है, जिससे हजारों किसानों की आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने दावे-आपत्तियों की अवधि एक माह बढ़ाने की मांग की। टीएनसीपी की सहायक संचालक इंदु त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर समझाया कि 30 दिनों में आपत्तियां मांगी गई हैं, जिन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर डिजिटाइज कर सुनवाई की जाएगी। मिसरोद के रहवासियों ने कहा कि प्रस्तावित सड़क से पुराने मकान, परिवार, मंदिर और सामाजिक स्वरूप प्रभावित होगा। उन्होंने शासकीय अस्पताल, सहकारी समिति, लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस और 10 से 15 पीपल-बरगद के पेड़ों को बचाने की मांग की और वैकल्पिक मार्ग का सर्वे कराने को कहा। संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में अरेरा कॉलोनी, गौतम नगर, रोहित नगर, बावड़ियाकलां, शाहपुरा, कोलार रोड सहित कई इलाकों के रहवासियों ने दो हजार आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के नियमितीकरण का विरोध किया। किसानों ने कहा कि पूर्व में ग्रामसभाओं में सहमति का आश्वासन दिया गया था, लेकिन नए ड्राफ्ट में सहमति नहीं ली गई।

रैपिडो चालक का शव फंदे पर मिला

- रात में खाना खाकर सोया था
- मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला
- पुलिस जांच में जुटी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एमपी नगर थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर स्थित झुग्गी में 29 वर्षीय रैपिडो चालक का शव गुरुवार सुबह फंदे पर मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार, रोहित वर्मा (29) पिता देवदास वर्मा शिवाजी नगर की झुग्गी में रहता था। वह रैपिडो चलाने के साथ दिन में चाय बेचने का काम भी करता था। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। गुरुवार सुबह उसकी मां कमरे में पहुंचीं तो रोहित फंदे पर लटका मिला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि रोहित को शराब पीने की आदत थी और वह अक्सर नशे की हालत में आत्महत्या करने की बात कहता था। हालांकि, उसने यह कदम क्यों उठाया, इसकी स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

प्रदेश के कर्मचारी इस बार मनाएंगे काली दीपावली

- केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने और 10 महीने का एरियर जारी करने की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में देरी से नाराज मध्यप्रदेश के कर्मचारियों ने दिवाली से पहले 2 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर वे काली दिवाली मनाएंगे। इस संबंध में कर्मचारियों ने शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय के डाक भवन के सामने प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को 1 जनवरी से 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दे रही है, जबकि प्रदेश के कर्मचारियों को अभी 58 प्रतिशत ही मिल रहा है। उनके मुताबिक, प्रदेश के कर्मचारियों को पिछले 10 महीने से बढ़ोतरी का इंतजार है। उन्होंने जनवरी 2026 से बढ़ा हुआ भत्ता लागू करने और 10 महीने का एरियर देने की मांग की।

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को 58 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता और राहत दी जा चुकी है, जबकि अन्य कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। उन्होंने गैस, पेट्रोल-डीजल, दूध, चावल, शक्कर और दाल के बढ़ते दामों से घरेलू बजट बिगड़ने की बात कही। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारी और संघ पदाधिकारी शामिल हुए।

आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ देगा धरना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ ने संविदा कर्मचारियों और श्रमिकों को दीपावली से पहले बोनस भुगतान नहीं किए जाने पर विरोध जताया है। महासंघ के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेयी और प्रमुख सलाहकार अरुण वर्मा ने कहा कि अर्द्धशासकीय निगमों, मंडलों, बोर्डों, परिषदों, सहकारी संस्थाओं, प्राधिकरणों और आयोगों में बोनस भुगतान की कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि श्रमायुक्त ने कई बार आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों को समय पर वेतन, भत्ते और बोनस देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद संबंधित संस्थाओं द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनके अनुसार, मंत्रालय के श्रम विभाग ने भी श्रमायुक्त, इंदौर को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। महासंघ ने कहा कि भुगतान में देरी से कर्मचारियों और श्रमिकों में आक्रोश और असंतोष है। बोनस भुगतान की मांग को लेकर महासंघ 28 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे श्रम विभाग के सामने धरना-प्रदर्शन करेगा। महासंघ ने कहा कि प्रदर्शन के लिए प्रबंधन जिम्मेदार होगा।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से सातवीं के छात्र की मौत

नप्र, भोपाल : भोपाल के रातीबड़ थाना क्षेत्र में 6 अक्टूबर को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसे 13 वर्षीय छात्र कृष्णा नायक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह अपने पिता को गाड़ी की चाबी देने के प्रयास में हादसे का शिकार हुआ था।पुलिस के मुताबिक कृष्णा नायक पिता खजान सिंह नायक नीलबड़ के शिव नगर फेस-2 में रहता था। वह सातवीं कक्षा का छात्र था। घटना के दिन कृष्णा ने अपने पिता से गाड़ी की चाबी मांगी थी। पिता ने चाबी नीचे फेंककर देने का प्रयास किया, लेकिन चाबी घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में जाकर अटक गई। चाबी निकालने के लिए कृष्णा ने वाइपर का सहारा लिया। इसी दौरान वह हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया और करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे।डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी रही। गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार दोपहर परिजनों की मौजूदगी में छात्र के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दोपहर तक जारी रहा सिलसिला घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम



देर रात तक 2 हजार से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में पिछले दो दिनों में 2 हजार से अधिक छोटी-बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन का सिलसिला गुरुवार सुबह तक जारी रहा। घाटों पर सुरक्षा के लिए चौकसी रखी गई और प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से विसर्जित किया गया।

बुधवार रात चल समारोह की शुरुआत हुई, जिसमें 200 से अधिक प्रतिमाएं और झांकियां शामिल हुईं। विदिशा, गंजबासौदा, सीहोर और बैरसिया की झांकियां भी भोपाल पहुंचीं। श्री हिंदू उत्सव समिति का चल समारोह रात 8:30 बजे गणेश पूजन और आरती के साथ शुरू हुआ। पहली झांकी सूरज नगर की श्री कालका उत्सव समिति की थी। समारोह में महापौर मालती राय, संत समाज के लोग और समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

चल समारोह के दौरान डीजे सिस्टम की पुलिस द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने पर कुछ देर के लिए काफिला रुक गया। इस बात को लेकर समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी की पुलिस अधिकारियों से बहस हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने समझाइश दी, जिसके बाद मामला शांत हुआ और समारोह आगे बढ़ा।

चल समारोह के कारण शहर के कई रास्ते बंद रहे। भारत टॉकीज ओवरब्रिज के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जहांगीराबाद, हमीदिया रोड और करोंद सहित अन्य मार्गों पर भी यातायात का दबाव रहा। कई लोग घंटों सड़कों पर फंसे रहे।

जहांगीराबाद थाने में जब्त वाहनों में लगी आग, एमपी नगर में कार जली

एक घंटे के अंतराल में हुईं घटनाएं



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नए शहर में गुरुवार दोपहर एक घंटे के अंतराल में आग लगने की दो घटना हुई। एमपी नगर में सड़क किनारे खड़ी कार जहां रहस्यमय ढंग से जल गई, वहां जहांगीराबाद थाने में जब्ती के कंडम वाहनों में आग भड़क उठी। इससे करीब आधा दर्जन चार पहिया और कई दोपहिया वाहन खाक हो गए। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

एमपी नगर थाना इलाके के जोन-2 में राजश्री गर्ल्स होस्टल के पास दोपहर करीब 12 बजे सड़क किनारे खड़ी कार में अचानक आग लग गई। धू-धूकर जलती कार को देखकर राहगीरों ने फायरब्रिगेड को सूचना दी। फायर कर्मचारियों ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जल चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर एक बजे जहांगीराबाद थाने के सामने मैदान में पड़े कंडम वाहनों के ढेर में अचानक आग भड़क गई। सूचना मिलने पर बोगदापुल एवं माता मंदिर फायर स्टेशन से दमकलें रवाना की गईं। फायर कर्मचारी चैतन्य ने बताया कि आग काफी फैल चुकी थी। लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तक नियंत्रण कर लिया गया। इस घटना में कई वाहन खाक हो चुके थे। जहांगीराबाद थाना पुलिस के मुताबिक वाहन कई वर्ष पुराने थे,जो पूरी तरह कंडम हो चुके थे। वाहनों में आग लगने की वजह के बारे में पता लगाया जा रहा है।

सड़क किनारे खड़े तीन वाहनों को कार ने मारी टक्कर, युवक घायल

कोलार क्षेत्र में हुआ हादसा, सीसीटीवी में कैद हुई घटना





नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोलार थाना इलाके के दानिश कुंज में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी एक कार और दो स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार के सभी एयर बैग खुल जाने के कारण आरोपी चालक सुरक्षित रहा। दुर्घटना होते ही वह कार से उतरकर भाग निकला।

कोलार थाना पुलिस के मुताबिक बाबा नगर शाहपुरा निवासी 36 वर्षीय राजकुमार मालवीय ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि वह सुबह अखबार वितरण का काम करता है। रोजाना की तरह वह सुबह कोलार रोड पर अखबार वितरित कर रहा था। सुबह पांच बजे वह दानिश कुंज स्थित आईसीआईसीआई बैंक के सामने सड़क किनारे स्कूटी पर बैठा था। पास ही एक सफेद रंग की कार व एक स्कूटर पहले से खड़ी थी।

इस दौरान जैन मंदिर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही कार ने पहले से खड़ी कार में टक्कर मार दी। जिसके चलते सफेद कार ने स्कूटी सहित उसे और अन्य स्कूटर को भी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में उसके बाएं पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना स्थल पर मौजूद उसके साथी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

खेलते-खेलते मासूम के लिए मौत का फंदा बन गया झूला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्कूल से लौटने के बाद घर में झूला झूल रहे 10 वर्ष के बालक को पता नहीं था, कि यही झूला उसके गले के लिए मौत का फंदा बन जाएगा। झूलने के दौरान कलाबाजी करते समय अचानक रस्सी बुरी तरह उसके गले में कस गई थी। बेसुध हालत में मां उसे अस्पताल ले गई, लेकिन चंद घंटों के बाद मासूम की सांसों की डोर टूट ही गई। घटना छोला मंदिर थाना इलाके में बुधवार दोपहर को हुई। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक चंदन नगर निवासी लवकुमार नामदेव और उनकी पत्नी निजी काम करते है। लवकुमार के दो बच्चों में बड़ा बेटा 10 वर्षीय तेजस्वी पांचवीं कक्षा का छात्र था। रोजाना की तरह पति-पत्नी काम पर चले गए थे। घर में तेजस्वी और उसकी छह वर्षीय बहन थे। लवकुमार ने बच्चों के मनोरंजन के लिए घर के छज्जे में लगे हुक से रस्सी बांधकर झूला बना दिया था। तेजस्वी स्कूल से आने के बाद झूला झूलता था। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तेजस्वी झूला झूल रहा था,जबकि उसकी बहन खेलने के लिए मकान के ऊपरी कमरे में चली गई थी। कुछ बाद बच्ची नीचे आई,तो उसने भाई को झूले की रस्सी में बुरी तरह फंसा देखा। वह दौड़कर पड़ोस में गई और घटना के बारे में बताया। लोगों ने रस्सी सुलझाकर किसी तरह तेजस्वी को मुक्त किया। उस समय उसकी सांस चल रही थी। उधर बदहवास हालत में घर पहुंची मां बेटे को लेकर हमीदिया असपताल पहुंची। उसके उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। रात भर तक चले डाक्टरों के तमाम प्रयास भी मासूम की जान नहीं बचा सके। गुरुवार सुबह पौने नौ बजे तेजस्वी ने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद घर में मातम पसर गया है।

पाँच प्रकार के इत्र से होगा बाबा बटेश्वर का अभिषेक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को शुक्र प्रदोष पर्व पर बाबा बटेश्वर का महा रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में शुक्र ग्रह की शांति एवं उनकी कृपा के लिए बाबा बटेश्वर का पांच प्रकार के इत्र एवं विजया से रुद्राभिषेक किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रकार के फूल व रत्नों से श्रृंगार कर रात्रि 10 बजे महाआरती की जाएगी।

झांकी के साथ चल रहे 11 वीं के छात्र पर किया जान लेवा हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हनुमानगंज थाना इलाके में बुधवार रात झांकी के साथ चल रहे 11 वीं के छात्र पर एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में वह हत्या के मामले में भी जेल जा चुका है। हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय ईशान विश्वकर्मा छोला मंदिर इलाके में रहता है और ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है। बुधवार देर रात वह मोहल्ले की झांकी लेकर दोस्तों के साथ विसर्जन के लिए जा रहा था। हमीदिया रोड पर बर्फी हाउस के पास पहुंचने पर मोहल्ले में रहने वाले गुलशन मिश्रा ने उससे गालीगलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से बचने के लिए ईशान घूम गया था। इससे चाकू उसकी पीठ और कमर में लगा था। झांकी में मौजूद लोगों ने किसी तरह ईशान को बचाया और उसे तत्काल हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि झांकी निकलते समय पूर्व में भी गुलशन और ईशान का विवाद हुआ था। इसी विवाद का बदला लेने गुलशन ने ईशान पर हमला किया है।

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
नोटिस प्रकाशन हेतु
उत्तराधिकार
एमजेसी एसयूसी /175/2026
आलोक श्रीवास्तव बनाम शिखा यादव
NEXT DATE :18-11-2026
प्रेषिती, सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आलोक श्रीवास्तव पता-मकान नंबर 50 डी.के. हनी होम्स, नयापुरा थाना कोलार जिला भोपाल ने मृतक श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव एवं सुधा श्रीवास्तव की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18-11-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने मं कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18-11-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 30-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:-**यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)
2019

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
नोटिस प्रकाशन हेतु
उत्तराधिकार
एमजेसी एसयूसी /180/2026
कपिल कुमार शाक्य बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE :23-11-2026
प्रेषिती, सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कपिल कुमार शाक्य पता-मकान नंबर 03 अशोक नगर पुल बोगदा रायसेन रोड भोपाल एम पी ने मृतक वैभव शाक्य की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23-11-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23-11-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 06-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:-**यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)
2018

कार्यालय रा. नि. मण्डल बैरागढ, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त, जिला भोपाल
क्र./ रा.नि./सं.हि.न.बै./2026 भोपाल दि. 15.10.2026
सूचना-पत्र
रा.प्र.क्र. 0112/अ-3/2026-27
प्रति, 1. पारस हाउसिंग इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री तेजा सिंह मूलचंदानी आ. श्री राजलदास मूलचंदानी 2. श्री हिम्मत सिंह आ. श्री रामलाल, निवासी हुजूर, भोपाल 3. श्री अर्जुन सिंह आ. प्रेमनारायण सिंगरोली, निवासी पीपलनेर 4. कुमेहविश रहमान खान पुत्री अब्दुल रहमान संरक्षक पिता स्वयं अब्दुल रहमान आ. अब्दुल हफीज **विषयः-** भूमि का बटांकन करने बावत। संदर्भः- राजस्व प्रकरण क्र. 0112./अ-3/2026-27 उपरोक्त विषयांतर्गत न्यायालय तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 0112 /अ-3/2026-27 में आवेदक संस्था पारस हाउसिंग इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री तेजा सिंह मूलचंदानी आ. श्री राजलदास मूलचंदानी ने खसरा कमांक 182/2/1 रकबा 0.3830 हेक्टेयर स्थित ग्राम पीपलनेर, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त, जिला भोपाल का बटांकन करने हेतु आदेश प्राप्त हुए है। उक्त आदेश के पालन में भूमि का बटांकन किए जाने के संबंध में मेरे द्वारा स्थल पर दिनांक 27.10.2026 को समय दोपहर 1.00 बजे स्थल निरीक्षण / सर्वे कार्य किया जाना निश्चित किया है। पड़ोसी कृषक/भूखण्ड धारी होने के कारण आपको सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को मौके पर उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति की दशा में उपरोक्त कार्यवाही स्थगित नही की जावेगी। **नोट**-अपरिहार्य कार्य की वजह से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
राजस्व-निरीक्षक
संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त
भोपाल (म.प्र.)
2017

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल
आम सूचना
अयोध्या एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एच. आई. जी. 68 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा सुश्री कोथा राज रितिका पुत्री श्री के. सुनील राव के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 18/07/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त सपत्ति श्रीमती मनोरमा जैन पत्नी श्री सुभाष चन्द जैन एवं श्री सिद्धार्थ जैन आत्मज श्री सुभाष चन्द जैन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/07/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती मनोरमा जैन पत्नी श्री सुभाष चन्द जैन एवं श्री सिद्धार्थ जैन आत्मज श्री सुभाष चन्द जैन के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल
2016

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल
आम सूचना
अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल पलेट/भवन क्रमांक एम.आई.जी. 11 (द्वितीय तल) मण्डल द्वारा डॉ. डी.एस. कटारे आत्मज श्री टी.आर. कटारे के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/11/1994 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। डॉ. डी.एस. कटारे आत्मज श्री टी.आर. कटारे (पिता जी) की दिनांक 3/8/2024 एवं श्रीमती सुधा कटारे पत्नी डॉ. डी.एस. कटारे (माता जी) की दिनांक 8/10/1993 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री योगेश कटारे आत्मज स्व. श्री दयाशंकर कटारे उक्त भवन अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु पूर्व में ऑन-लाईन दिनांक 19/2/2025 आवेदन, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए, परंतु श्री योगेश कटारे द्वारा भवन के विरूद्ध बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण नामान्तरण आवेदन निरस्त किया गया है। श्री योगेश कटारे द्वारा संपत्ति के नामान्तरण हेतु पुनः 14/10/2026 को ऑन-लाईन आवेदन कर अपने एकल नाम पर नामान्तरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री योगेश कटारे आत्मज स्व. श्री दयाशंकर कटारे के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल
2015

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल
आम सूचना
अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक 63 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री अब्दुल जमील आत्मज श्री अब्दुल मजीद के नाम भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 618-19 दिनाक 12/03/1980 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/10/1991 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अब्दुल जमील आत्मज श्री अब्दुल मजीद द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15/03/2010 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री निसार खॉ आत्मज श्री छोटे खॉ साहब को विक्रय कर दिया गया है। परन्तु क्रेता/विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही नही कराई गई। अब संपत्ति के क्रेता श्री निसार खॉ द्वारा आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 15/03/2010 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी श्री अब्दुल जमील आत्मज श्री अब्दुल मजीद एवं उनके परिवार का वर्तमान में कहीं पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगें। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 15/03/2010 के आधार पर उक्त संपत्ति श्री निसार खॉ आत्मज श्री छोटे खॉ साहब के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल
2014